स्मार्ट-गोबर

रामपुरिया गांव के स्वयंभू वैज्ञानिक 'गबडू लाल' ने जब प्रधानी के चुनाव में कदम रखा, तो उन्होंने पारंपरिक विकास की बलि चढ़ा दी। उनका चुनावी मुद्दा था–'गोबर का डिजिटलाइजेशन'। गबडू लाल का तर्क था कि जिस गांव का पशुधन केवल सड़क पर कीचड़ फैला रहा है, वह गांव कभी आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। उन्होंने घोषणा की कि जीतते ही वे गांव में 'गोबर-माइनिंग सेंटर' खोलेंगे, जहाँ हर गाय और भैंस के गोबर को 'ऑर्गेनिक बिटकॉयन्स' में बदला जाएगा। उनका दावा था कि इस गोबर से ऐसी गैस बनाई जाएगी जो न केवल चूल्हा जलाएगी, बल्कि ग्रामीणों के दिमाग की जंग लगी बत्तियां भी रोशन कर देगी। गांव के लोग, जो अब तक गोबर को सिर्फ उपले बनाने के काम लाते थे, अचानक उसे 'काला सोना' समझकर अपनी तिजोरियों में रखने का सपना देखने लगे। गबडू लाल ने एक पुराने जेनरेटर पर पेंट करके उसे 'गोबर-प्रोसेसर' घोषित कर दिया था, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग अपनी नाक दबाकर आने लगे थे। प्रचार के अंतिम चरण में गबडू लाल ने गांव के अखाड़े के पास एक 'नेचर-स्कैनर' लगाया। यह वास्तव में एक टूटा हुआ सीसीटीवी कैमरा था जिसे उन्होंने एक नीम के पेड़ पर रस्सी से बांध दिया था। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि यह कैमरा गांव के हर पशु की मानसिक स्थिति और उसके 'आउटपुट' की क्वालिटी पर नज़र रख रहा है। जो भी ग्रामीण गबडू लाल को वोट देने की प्रतिज्ञा करेगा, उसकी भैंस का गोबर सीधे 'प्रीमियम ग्रेड' में रजिस्टर होगा और उसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के भाव बेचा जाएगा। विपक्षी उम्मीदवार 'बुधु राम' नाली-खड़ंजे की पुरानी रट लगा रहे थे, लेकिन जनता को तो गोबर में डॉलर छपते दिख रहे थे। गबडू लाल ने एक लाउडस्पीकर पर गायों की डकार की आवाज़ें रिकॉर्ड करके चला दीं, जिसे उन्होंने 'प्रकृति का अप्रूवल' बताया। लोग अपने जानवरों को वीआईपी ट्रीटमेंट देने लगे ताकि गबडू लाल की मशीन में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो सके। जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और गबडू लाल भारी बहुमत से जीत गए, पूरा गांव अपनी 'गोबर-रसीद' और डॉलर का हिस्सा मांगने उनके घर पहुंचा। गबडू लाल ने बड़े इत्मीनान से एक बड़ा सा कड़ाहा खोला जिसमें ताज़ा गोबर भरा था और सबको एक-एक फावड़ा थमा दिया। जनता हक्की-बक्की रह गई, हुजूर, हमारे डॉलर और बिटकॉयन्स कहाँ हैं? गबडू लाल ने अपनी मूंछों पर ताव देते हुए गंभीर आवाज़ में कहा– मूर्खों! असली बिटकॉयन्स तो यही गोबर है। मैंने तो सिर्फ तुम्हें यह एहसास कराया कि तुम लोग पांच साल तक इसी में सने रहने के लायक हो! डॉलर तो वे थे जो मैंने तुम्हारे चंदे से बटोर कर अपनी नई एसयूवी की किस्त भर दी। अब इस गोबर को उठाओ और अपने खेतों में डालो, क्योंकि लोकतंत्र का असली स्वाद तो इसी की सड़ांध में छिपा है। जनता सन्न खड़ी अपने हाथों में फावड़ा पकड़े एक-दूसरे का मुंह ताक रही थी, जबकि गबडू लाल अपनी नई गाड़ी का सायरन बजाते हुए 'वेस्ट मैनेजमेंट' का सरकारी फंड डकारने शहर की ओर निकल पड़े।

मदर्सन में सुलगता असंतोष सड़कों पर फूटा, प्रबंधक के अड़ियल रवैये से 4 घंटे जाम, 6 किमी तक थमा ट्रैफिक

पीथमपुर। औद्योगिक नगरी के सेक्टर-3 स्थित मदर्सन सुमी वायरिंग कंपनी में सोमवार को श्रमिकों का गुस्सा आखिरकार सड़कों पर फूट पड़ा। लंबे समय से वेतन वृद्धि, अधिक काम और प्रबंधन के व्यवहार को लेकर अंदर ही अंदर पनप रहा असंतोष अचानक उग्र विरोध में बदल गया। देखते ही देखते सैकड़ों श्रमिक सड़क पर बैठ गए और महू-नीमच मार्ग दोनों ओर से जाम हो गया। करीब 4 घंटे तक चले इस जाम ने आमजन की रफ्तार थाम दी, वहीं जाम की लंबाई 5 से 6 किलोमीटर तक पहुंच गई।

श्रमिकों का आरोप है कि कंपनी में उनसे 8 से 8:30 घंटे तक काम करवाया जाता है, जबकि आधे घंटे पहले उपस्थिति दर्ज करवाने का दबाव बनाया जाता है। इसके बावजूद उन्हें मात्र 10,000 रुपये वेतन दिया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई में यह वेतन नाकाफी है और अन्य कंपनियों में वेतन बढ़ चुका है, लेकिन यहां प्रबंधन उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रहा है।

प्रदर्शन के दौरान श्रमिकों का आक्रोश कई बार खुलकर सामने आया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्लांट हेड और एचआर पंकज जैन का रवैया लगातार दबाव बनाने वाला है। एचआर पंकज जैन पर भी श्रमिकों ने सीधे तौर पर आरोप लगाए कि वे बातचीत के बजाय धमकाने की शैली अपनाते हैं और कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की चेतावनी देते रहते हैं।

हालांकि, इस पूरे तनावपूर्ण माहौल में श्रमिकों ने संवेदनशीलता भी दिखाई। जाम के दौरान जब एक मरीज को अस्पताल ले जाया जा रहा था, तो श्रमिकों ने तुरंत रास्ता खाली कर मानवता का उदाहरण पेश किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अमला तुरंत सक्रिय हुआ। सीएसपी रवि सोनेर, तहसीलदार शिवानी श्रीवास्तव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल बेलापुरकर सहित भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। अधिकारियों ने लगातार समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

तहसीलदार शिवानी श्रीवास्तव ने बताया कि श्रमिकों की मांगों को कंपनी प्रबंधन तक पहुंचा दिया गया है और समाधान की दिशा में बातचीत जारी है।

वहीं सीएसपी रवि सोनेर ने कहा कि पूरा प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही।

गेट पर बैठे रहे श्रमिक, अंदर नाश्ता करता रहा मैनेजमेंट

प्रदर्शन के दौरान एक और गंभीर लापरवाही सामने आई, जिसने श्रमिकों के गुस्से को और भड़का दिया। जब सैकड़ों मजदूर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे थे और बाद में कंपनी गेट पर बैठकर अपनी मांगों को लेकर डटे हुए थे, उसी दौरान कंपनी प्रबंधन अंदर नाश्ता करता नजर आया।

श्रमिकों का आरोप है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेने के बजाय प्रबंधन का यह रवैया असंवेदनशील और उपेक्षापूर्ण था। इससे मौके पर मौजूद कर्मचारियों का आक्रोश और बढ़ गया।

हालांकि स्थिति बिगड़ती देख पुलिस और प्रशासन ने तुरंत हस्तक्षेप किया। अधिकारियों ने न केवल श्रमिकों को समझाइश दी, बल्कि कंपनी प्रबंधन को भी फटकार लगाते हुए बातचीत के जरिए समाधान निकालने के निर्देश दिए।

घटनाक्रमः कैसे बढ़ा विवाद और सड़कों पर

उतरा गुस्सा

दोपहर 2:00 बजेः श्रमिक अपनी मांगों को लेकर प्रबंधन से बातचीत करने पहुंचे।

दोपहर 3:00 बजेः मैनेजमेंट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि काम करना है तो करो, नहीं तो कंपनी छोड़ दो।

दोपहर 3:15 बजेः प्रबंधन के रवैये से नाराज होकर सैकड़ों श्रमिक सड़क पर बैठ गए, दोनों ओर जाम लग गया।

दोपहर 4:00 बजेः सीएसपी रवि सोनेर मौके पर पहुंचे, समझाइश दी लेकिन श्रमिक नहीं माने।

दोपहर 4:30 बजेः तहसीलदार शिवानी श्रीवास्तव मौके पर पहुंचीं, बातचीत शुरू हुई।

शाम 5:00 बजेः अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल बेलापुरकर भी मौके पर पहुंचीं।

शाम 5:24 बजेः प्रशासन ने चेतावनी दी।

शाम 5:30 बजेः यातायात आंशिक रूप से बहाल किया गया।

शाम 6:00 बजेः श्रमिक कंपनी गेट के बाहर डटे रहे।

शाम 7:00 बजेः लिखित मांगें सौंपकर 7 दिन का अल्टीमेटम दिया और आंदोलन समाप्त किया।

महू में अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर निकली राष्ट्रीय गौरव यात्रा, जय भीम के नारों से गूंजा शहर

महू (इंदौर समाचार) संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) की पूर्व संध्या पर सोमवार शाम महू शहर में राष्ट्रीय गौरव यात्रा निकाली गई। शाम 6 बजे हरीफाटक से प्रारंभ हुई इस विशाल यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, अंबेडकर अनुयायी एवं आमजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा में बैंड-बाजे, ढोल-ताशे, डीजे के साथ ऊंट-घोड़े शामिल रहे, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया।

विशेष आकर्षण विद्युत साज-सज्जा से सजी बग्घी रही, जिसमें सवार बौद्ध भिक्षु श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए चल रहे थे। यात्रा में महिला एवं पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में घोड़ों पर सवार होकर नीले झंडों के साथ शामिल हुए। महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति और उनकी सक्रिय भागीदारी ने यात्रा को विशेष स्वरूप प्रदान किया। वहीं बड़ी संख्या में पारंपरिक वेशभूषा में संत भी हाथों में ध्वज लिए शामिल हुए। ढोल-ताशों की धुन पर महिला एवं पुरुषों द्वारा किया गया आकर्षक नृत्य लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पूरे शहर में «बाबा साहेब अमर रहें» और «जय भीम» के जयघोष गूंजते रहे, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय और ऊर्जावान बना रहा। राष्ट्रीय गौरव यात्रा हरीफाटक से प्रारंभ होकर मोती चौक, फूल चौक, मानक चौक, ड्रीमलैंड, आज़ाद चौराहा, कोतवाली चौक, गर्ल्स स्कूल चौराहा सहित प्रमुख मार्गों से होती हुई अंबेडकर स्मारक पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई तथा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई, जिससे प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह आयोजन महू शहर में सामाजिक एकता, समरसता और बाबा साहेब के विचारों के प्रति लोगों की अटूट आस्था का प्रतीक बनकर उभरा।

भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना हेतु विधायक को दिया मांग पत्र

देवास,अंतिमयादव द्य सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ सदस्यों ने जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में क्षेत्र की विधायक गायत्री राजे पवार को बद्रीधाम नगर चौराहा के पास भगवान परशुराम जी की मूर्ति लगाने हेतु मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र का वाचन जिला अध्यक्ष ने किया। साथ ही रविवार 19 अप्रैल 2026 को परशुराम जन्मोत्सव पर निकलने वाली शौर्य यात्रा एवं विभिन्न कार्यक्रमों के लिए आमंत्रण पत्र भेट किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के उपवर्ग के अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी सदस्य, मातृशक्ति, युवा शक्ति सहित ब्रह्मबंधु उपस्थित थे।

आयुक्त ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा

देवास,पवनयादव । आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा सोमवार 13 अप्रेल को निगम बैठक हाल मे समयावधि पत्रों की समीक्षा की गई।

ट्रेंचिग ग्राउण्ड पर लगेगें सी.सी. टी.वी. कैमरे

आयुक्त ने समीक्षा में विद्युत कनेक्शन वेरिफीकेशन की जानकारी ली तथा स्ट्रीट लाईट से की जा रही चोरी पर संबंधित के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के साथ अर्थदण्ड की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विभिन्न मेंटनेंस कार्यो मे ट्रेचिंग ग्राण्ड पर विद्युत रिपेयर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के साथ नये सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जाने के निर्देश दिए। निगम के विद्युत कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगने की जानकारी ली।

ई आफीस पर फोकस करें

आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को ई आफीस कार्य मे प्रगति लाने हेतु कहा। वहीं स्वनिधि मे नये आवेदन बढानें तथा हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड लक्ष्य अनुरूप वितरण कराने तथा संबल पेंडिग आवेदनों के निराकरण करने के साथ ही शत प्रतिशत ईकेवाई करवाने के निर्देश एनयुएलएम शाखा प्रभारी को दिए।

गौशाला शेड का कार्य शीघ्र पूर्ण हो

इसी प्रकार गौशाला में शेड निर्माण के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के साथ छोटे बछडों हेतु अलग से शेड बनाये जाने हेतु कहा।

जल गंगा व जल संचय अभियान पर फोकस

जल गंगा, जल संचय अभियान पर फोकस देते हुए रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम दिये गये लक्ष्य अनुसार करवाये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को कहा। आयुक्त ने सीएम इन्फ्रा मे चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा सडक सुधार कार्य में ठेकेदारो की लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार को सूचना पत्र दिये जाने हेतु कहा।

स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत स्वच्छत उपनिरीक्षकों को गत समीक्षा बैठक में दिए निर्देशों के कार्य समय पर नही करने पर 7 दिवस का वेतन आहरण नही करने हेतु निगम उपायुक्त वित्त दिपक पटेल को कहा। वही सम्पूर्ण वार्डो मे स्वच्छता के कार्यो का प्रतिदिन निरीक्षण निगम उपायुक्तों द्वारा किये जाने की जानकारी ली। जिसमें जिन वार्डो में स्वच्छता के दौरान जो कमियां बताई गई उनका त्वरित निराकरण किये जाने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों को दिए।

आयुक्त ने स्वच्छता निरीक्षकों को सर्वेक्षण के दौरान 3 दिवस में दिये गये निर्देशानुसार कार्य कर रिपोर्ट उपायुक्तों को दिये जाने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को समय पर समयावधि पत्रों का निराकरण किये जाने हेतु कहा।

अंबेडकर जयंती आज.....

पहुंचने लगे अनुयाई प्रशासन ने किए हैं इंतजाम, 1 लाख अनुयायियों की आने की संभावना

महू (इंदौर समाचार) महू में मंगलवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। सोमवार सुबह से ही महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से अनुयायियों और बौद्ध भिक्षुओं का पहुंचना शुरू हो गया है।

मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता होंगे शामिल-मुख्यमंत्री मोहन यादव मंगलवार को हेलीकॉप्टर से महू पहुंचेंगे और जनसभास्थली पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद वे सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अन्य विपक्षी नेता भी शामिल होंगे।

अनुयायियों के लिए व्यापक इंतजाम-स्मारक समिति के सचिव राजेश वानखेड़े ने बताया कि गर्मी के मद्देनजर परिसर में कारपेट बिछाए गए हैं और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। महाराष्ट्र के मुंबई, नासिक और औरंगाबाद जैसे शहरों से बड़ी संख्या में लोग महू पहुंचे हैं।

प्रशासन ने की ठहरने और भोजन की व्यवस्था-एसडीएम राकेश परमार ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से आने वाले अनुयायियों के लिए रुकने और भोजन के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

महानाट्य - अमर शहादत का ऐतिहासिक आयोजन, सिखों के बलिदानी गुरु का हुआ मंचन

महू (इंदौर समाचार) शिव एकेडमी नाट्य मंच द्वारा किशन गंज,महू में अमर शहादत महानाट्य का सफल मंचन किया गया। सिक्खों के नवें गुरु श्री तेग बहादुर जी के महा बलिदानी शिष्य भाई मतिदास, भाई सतिदास, भाई दयाला और भाई तारु सिंह की गौरवगाथा का मंचन अत्यंत ही मार्मिक रूप में किया गया।

शिव एकेडमी नाट्य मंच का उद्देश्य भारत के ऐसे महान व्यक्तित्व का वर्णन करना है जिन्हें इतिहास के पन्नो में वह जगह नहीं मिली जिसके वे हकदार थे। इस महा नाट्य में सैनिक बने थे अक्षत श्रीवास्तव, मिहिर लाखन और विजय नवले, जलालुद्दीन जल्लाद बने नरेशपाल सिंह जादौन, शाही हज्जाम और ग्रामीण बने गजानन पाटीदार, सरदार गुरमीत सिंह बने जैनब यादव, प्रदुयमन का किरदार निभाया अमित यादव ने , अमिता का किरदार निभाया अमिता यादव ने , काजी और शाही मोची का किरदार निभाया शशांक ठाकरे ने , औरंगजेब का किरदार निभाया विवियन एंथोनी ने , अकिल दास और वज़ीर का किरदार निभाया राजीव श्रीवास्तव ने, पूजा का किरदार निभाया डॉ अंजली सक्सेना ने, तार कौर का किरदार निभाया श्रीमती क्षिप्रा वर्मा ने, भाई सतिदास और शाही हकीम का किरदार निभाया हरवेंद्र सिंह जादौन, भाई दयाला और भाई तारु भाई का किरदार निभाया एम. के. सिंह ने, वृद्ध सरदार का किरदार निभाया डॉ विमल सक्सेना ने और जनाब जकारिया और भाई मतिदास का किरदार अनिल वर्मा ने निभाया।

मंच सज्जा एवं व्यवस्था की साहिबा खान, अमिता यादव , प्रांजली वर्मा, पूजा श्रीवास्तव, अरमिंदर और शिवाजी मोरे ने। तकनीकी सहयोग किया नम्रता मोरे और एम. के. सिंह ने। कोरियोग्राफ र एवं मेकअप आर्टिस्ट रही ,मुस्कान वर्मा।

बैकग्राउंड म्यूजिक दिया डॉ मैक्लीनो फाया ने। संचालन द्रोणाचार्य दुबे ने किया ।शिव एकेडमी नाट्य मंच की संक्षिप्त जानकारी दी मोहित कुशवाह ने आभार व्यक्त किया प्रतीक्षा वर्मा ने।

सनातन के सशक्तीकरण में शिव एकेडमी स्कूल और शिव एकेडमी नाट्य मंच प्रमुखता से अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा है।

संस्था के लेखक व डायरेक्टर अनिल वर्मा और संरक्षक व दिग्दर्शक डॉ विमल सक्सेना ने उपस्थित दर्शकों को आश्वस्त किया कि वे इसी प्रकार से भारत के द फॉरगॉटन एंड अनसंग हीरोज पर नाट्य मंचन करते रहेंगे।

इस कार्यक्रम में समाज सेवी राम लाल प्रजापति , शेखर बुंदेला, दिनेश सिंह चौहान, प्रसिद्ध रंगकर्मी योगेश यादव, एडवोकेट विक्रम दुबे, आदि ने इस महानाट्य की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की ।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
वाणिज्य शाखा ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं PARKING-RTM -2, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. **PARKING-RTM-MDS-FW- 84-26-1 (Mandsaur FW), PARKING-RTM-DADN-FW-59-24-1 (Dr. Ambedkar Nagar), PARKING-RTM-FTD-TW-44-23-1 (Fatehabad), PARKING-RTM-BCH-TW-40- 22-3 (Bercha), PARKING-RTM-NAD-MX-9-25-1 (Nagda Main Side), PARKING- RTM-DADN-MX-60-24-1 (Dr. Ambedkar Nagar)**, अनुबंध की अवधि 3 वर्ष ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक **27.04.26** को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है । अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयुल पर सॉफ्टवाइज समापन समय देखा जा सकता है । V/540

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजी. (डीजल) पश्चिम रेलवे, रतलाम-457001 द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से वेबसाइड **www.ireps.gov.in** पर खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त का विवरण निम्नानुसार है- **ई-निविदा क्र.- M-DL-EL31-700234-R1 कार्य का नाम:** Annual Annual Maintenance Contract for Electric Loco Cab Air Conditioners at Locomotive Care Centre, Ratlam for the period of 01 Years. **कार्य की अनुमानित लागत: ₹48,50,944.66** (रु. अड़तालीस लाख पचास हजार नौ सौ चौवालीस एवं छियासठ पैसे) (सभी करों के साथ) **बयाना राशि: ₹ 97,000/-** (रु. सत्तानवे हजार मात्र) **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** निशुल्क **कार्य की अवधि:** 36 माह **आफर की वैधता:** 60 दिन **ई-निविदा दस्तावेज़ जमा करने की तिथि एवं समय:** 02.05.2026 11:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि:** 02.05.2026 11:30 बजे. यह टेंडर वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिये साथ ही निविदाकार का IREPS पोर्टल पर पंजीकृत अनिवार्य है। उक्त ई-टेण्डर की प्रक्रिया में केवल पंजीकृत निविदाकार ही भाग ले सकते है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने समय निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज एवं आवश्यक जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। V/539

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly